Request to expedite the work of road construction in Araria region under Nepal Border Road Project

श्री प्रदीप कुमार सिंह **:** महोदय, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आने वाले दिनों में हमारी इस न्यू पार्लियामेंट को लोग गारंटी हाउस के नाम से जानेंगे। ? (व्यवधान) आज हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी पर हम भारतवासियों को पूरा भरोसा है। ? (व्यवधान) मुझे गर्व है कि मैं इस गारंटी देने वाली सरकार का एक हिस्सा हूं।

महोदय, नेपाल सीमा सड़क परियोजना के अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया में करीब 100 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य होना था। ? (व्यवधान) वर्ष 2013 से अब तक मात्र 25-30 परसेंट ही सड़क निर्माण का कार्य पूरा हो पाया है। पुल-पुलिया सब अधूरे हैं। जानकारी के मुताबिक 1,377 किलोमीटर लंबी इस सड़क परियोजना में तकनीकी खामियां और राशि के अभाव के कारण विगत 10 वर्षों से अब तक मात्र 40 प्रतिशत काम पूरा हुआ है।

महोदय, मेरे जिले अररिया से यह सड़क नरपतगंज से शुरू होकर फारबिसगंज, जोगबनी, कुर्साकांटा, सिखटी, पलासी होकर गलगलिया, बंगाल तक जाती है। विगत कई वर्षों से लोग इस सड़क के निर्माण कार्य के पूर्ण होने की राह देख रहे हैं।

महोदय, हमें भरोसा है कि ?मोदी है, तो मुमकिन है?। मैं आपके माध्यम से अपनी सरकार से आग्रह करता हूं कि इस परियोजना के पूर्ण होने में आ रही खामियों को दूर किया जाए। सुरक्षा एवं सुगमता की दृष्टि से यह सड़क लोकहित में आवश्यक है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करूंगा कि नेपाल और भारत की सीमा की सुरक्षा के लिए एसएसबी का भी वहां आना-जाना होता है। गोरखपुर के आसपास से बंगाल तक यह सड़क बन रही है। यह परियोजना दस वर्षों से लंबित है। अत: देश हित में, सुरक्षा हित में, जनहित में इस लंबित परियोजना को पूरा किया जाए।

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति **:** श्री सी.एन. अन्नादुरई ? उपस्थित नहीं।

श्री संतोष पान्डेय

? (व्यवधान)